THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"

GRADE- 10 AB

<u>खंड – क (पाठ्य पुस्तक)</u>

प्रश्न1 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** से **50** शब्दों में दीजिए-

(क) पर्वत के हृदय से उठ कर ऊँचे ऊँचे वृक्ष आकाश की ओर क्यों देख रहे थे और वे किस बात को प्रतिबिंबित करते हैं ?
(ख) झरने किसके गौरव का गान कर रहे हैं ?बहते हुए झरने की तुलना किस से की गई है ?
(ग) मनुष्य मात्र बंधु है से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न **2.** किन्हीं तीन प्रश्नों में से दो के उत्तर दीजिए।

''अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की बेहतर समझ रखते हैं। वे जानते हैं कि जब तक उनकी जमीन-जायदाद उनके पास है, तब तक सभी उनका आदर करते हैं। ठाकुरबारी के महंत उनको इसलिए समझाते हैं क्योंकि वह उनकी जमीन ठाकुरबारी के नाम करवाना चाहते हैं। ''
(क) समाज में रिश्तों की क्या अहमियत है**?** इस विषय पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

''जब किसी के व्यवहार का वर्णन होना शुरू होता है तो जिन्हें व्यावहारिक आदर्शवादी लोग समझते हैं उन व्यावहारिक आदर्शवादी लोगों के जीवन से आदर्श व्यावहारिक वर्णन के कारण कम होने लगते हैं क्योंकि वर्णन कभी भी आदर्शों का नहीं होता, बल्कि आपके व्यवहार का होता है।''

(ख) समाज के पास अगर शाश्वत मूल्यों जैसा कुछ है तो वह आदर्शवादी लोगों का ही दिया हुआ है। विचार स्पष्ट करें |

<u>खंड – ख (लेखन)</u>

प्रश्न **3 .** निम्नलिखित विषय पर एक सूचना लिखिए | **(30 – 40** शब्द**)**
आपके विद्यालय ने गरीब छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकें वितरित करने का निर्णय किया है। जिन छात्र-छात्राओं के माता-पिता की वार्षिक आय एक लाख रुपये तक है, वे ही इसके पात्र हैं। इसकी सूचना देने के लिए एक आलेख तैयार कीजिए। आप छात्र कल्याण समिति के सदस्य अभिनव हैं।

<u>अथवा</u>

विद्यालय में छुट्टी के दिनों में भी प्रातःकाल में योग की अभ्यास कक्षाएँ चलने की सूचना देते हुए इच्छुक विद्यार्थियों द्वारा अपना नाम देने हेतु सूचना-पट्ट के लिए एक सूचना लिखिए।

प्रश्न 4 . निम्नलिखित सूचनाएँ पढ़ें।

किसान का बेटा – आलसी और आपसी झगड़े – किसान परेशान – बीमार पडना – बेटों को सुधारने का उपाय सोचना – एक-एक लकड़ी काटने को कहना – चारों लकड़ियाँ एकसाथ बाँधना – उन्हें तोड़ने को कहना – असमर्थ निकलना। सीख ---------
रुपरेखा के आधार पर सूचनाओं को जोड़कर कहानी लिखें **|(लगभग 100 -120** शब्द**)**

प्रश्न 5. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए:
(6)

(क) पुस्तकें पढ़ने की आदत
• पढ़ने की घटती प्रवृति
• कारण और हानि
• पढ़ने के आदत से लाभ

(ख) कप्यूटर हमारा मित्र
• क्या है
• विद्यार्थियों के लिए उपयोग
• सुझाव

प्रश्न 6. आप 29/5 संस्कार अपार्टमेंट, सेक्टर-14 रोहिणी, दिल्ली के निवासी हैं। आप चाहते हैं कि लोग दीपावली में पटाखों का कम से कम प्रयोग करें। पटाखों से होने वाली हानियों से अवगत कराते हुए नवभारत टाइम्स के संपादक को पत्र लिखिए।
(5)

<u>अथवा</u>

आप साक्षात्कार में शामिल होने लखनऊ जा रहे थे। रास्ते में आपका बैग खो गया। चार दिन बाद कोई अपरिचित आपका बैग लौटा गया। उसे धन्यवाद देते हुए पत्र लिखिए।

प्रश्न 7. 'स्वादिष्ट' अचार बनाने वाली कंपनी के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।